भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 295

गुरूवार, 08 दिसम्बर, 2022/17 अग्रहायण, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र में पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए वित्तीय सहायता

295. श्री धनंजय भीमराव महादिकः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र में पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए इस राज्य को वित्तीय सहायता प्रदान की है और यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है;

(ख) सरकार द्वारा महाराष्ट्र में पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए लागू की गई प्रमुख योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) पर्यटन के विकास के लिए उन चिह्नित परियोजनाओं का जिला-वार ब्यौरा क्या है जिन्हें विशेष रूप से महाराष्ट्र में अनुमोदित, संस्वीकृत और निष्पादित किया गया हैं; और

(घ) अब तक पूरी की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और शेष परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' 'तीर्थयात्रा जीर्णोंद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) संबंधी राष्ट्रीय मिशन', 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' और 'आईएचएम/एफसीआई/ आईआईटीटीएम/ एनसीएचएमसीटी को सहायता' योजना के तहत पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है । इन योजनाओं के तहत महाराष्ट्र में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में है ।

*****

अनुबंध

महाराष्ट्र में पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए वित्तीय सहायता के संबंध में दिनांक 08.12.2022 के राज्य सभा लिखित प्रश्न सं. 295 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

महाराष्ट्र में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(राशि करोड़ रु. में)

स्वदेश दर्शन योजना					
क्र. सं.	परियोजना का नाम	जिला	स्वीकृत वर्ष	स्वीकृत राशि	स्थिति
1	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभाव का विकास	सिंधुदुर्ग	2015-2016	19.06	भौतिक रूप से पूर्ण
2	वाकी - अदासा - धापेवाड़ा - पारदसिंह - तेलनखंडी - गिराड का विकास	पालघर, नागपुर, गोंडिया, वर्धा	2018-2019	54.00	जारी
प्रशाद योजना					
3	त्र्यंबकेश्वर का विकास	नासिक	2017-2018	52.92	जारी
आईएचएम/एफसीआई/आईआईटीटीएम आदि को सहायता					
4	स्टेट आईएचएम, सोलापुर	सोलापुर	2007-2008	10.00	जारी
पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता					
5	पर्यटन गंतव्य के रूप में कानोजी आंग्रे लाइटहाउस के विकास के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय सहायता		2016-17	15.00	पूर्ण
6	इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण ।		2017-18	12.50	पूर्ण
7	इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/ आधुनिकीकरण		2021-22	37.50	जारी

****